testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

# Important Current Affairs 28th July 2018 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 28th July 2018 in Hindi. Now stay updated with important news and current affairs for SSC, IBPS and more banking & online government exams, in Hindi too!

## Important Current Affairs 28th July 2018 in Hindi

- **ओडिशा अपना स्वयं का खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू करेगा**
  - ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्टूबर से अपना खुद का खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू करेगी।
  - ओडिशा के अपने खाद्य सुरक्षा अधिनियम में लगभग 34.44 लाख व्यक्ति शामिल होंगे जिन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) से बाहर रखा गया है।
  - इससे पहले, ओडिशा ने 2008 में चावल को 2 रुपये प्रति किलो पर गरीबों को उपलब्ध कराने के लिए एक योजना शुरू की थी।
- **सेना के लिए 'मेड इन इंडिया' इंजन**
  - रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने औपचारिक रूप से दो प्रकार के स्वदेशी निर्मित उच्च शक्ति वाले बहु-ईंधन इंजनों को सेना को सौंप दिया है।
  - पहला इंजन V92S2 इंजन T-90 भीष्म टैंक के लिए, और दूसरा इंजन V-46-6 इंजन T-72 अजेय टैंक और इसके रूपों के लिए है।
  - मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत इंजन फैक्ट्री ने दो इंजनों का निर्माण 100 प्रतिशत स्थानीय भागों के साथ किया।
- **नेपाल-भारत थिंक टैंक शिखर सम्मेलन**



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

    - दोनों देशों के विचार संगठनों के बीच अधिक ज्ञान-साझा करने के लिए पहला 'नेपाल-इंडिया थिंक टैंक' शिखर सम्मेलन काठमांडू में शुरू होगा।
    - भाग लेने वाले संगठनों के लिए वार्षिक आयोजन बनने के लिए प्रस्तावित शिखर सम्मेलन प्रत्येक वर्ष नेपाल और भारत में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाएगा।
    - शिखर सम्मेलन का उद्देश्य नेटवर्क का समर्थन करना और संस्थागत सहयोग के माध्यम से पारस्परिक समझ को बढ़ावा देना है।
- **पेटीएम पेमेंट्स बैंक की CEO रेणु सट्टी ने इस्तीफा दिया**
    - पेटीएम पेमेंट्स बैंक की CEO रेणु सट्टी ने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वे पेटीएम की नई खुदरा पहल का नेतृत्व करेंगी।
    - इससे पहले, उन्होंने कई व्यवसायों का समर्थन किया जिसमें मार्केटप्लेस, फिल्म टिकट और पेटीएम पेमेंट्स बैंक शामिल हैं।
    - 'न्यू रिटेल' मॉडल के तहत, उपभोक्ता जल्द ही पास की फार्मेसियों, किराने का सामान और अन्य दुकानों को ऑर्डर देने और तत्काल डिलीवरी पाने में सक्षम होंगे।
- **ONGC को इनफ्रा आइकन पुरस्कार**
    - ONGC को 'इन्फ्रा आइकंस' में 'ग्लोबल एनर्जी' श्रेणी में इन्फ्रा आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
    - ONGC को देश को पूरी तरह से उन्नत करने में इसके बहुमूल्य योगदान की मान्यता में शीर्ष कॉर्पोरेट स्तर का पुरस्कार मिला है।
    - ONGC दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी खोज और उत्पादन (E&P) कंपनी है।
- 
- **BRICS राष्ट्रों ने जोहान्सबर्ग घोषणापत्र को अपनाया**
    - 10वे BRICS सम्मेलन के लिए सभी पांच BRICS देशों के राज्य और सरकार के प्रमुख दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंचे।
    - BRICS नेता एक साथ आए और आम चिंता के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की और सर्वसम्मति से 'जोहान्सबर्ग घोषणापत्र' को अपनाया।


testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

- घोषणापत्र तब आता है जब संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन टैरिफ पर व्यापार युद्ध में गतिरोध में बने हुए हैं।

- **HRD मंत्री ने AISHE रिपोर्ट 2017-18 जारी की**
    - मानव संसाधन मंत्रालय ने गुरु पूर्णिमा पर नई दिल्ली में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपति और निदेशकों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
    - सम्मेलन का विषय "उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार" था।
    - मंत्री ने अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) रिपोर्ट 2017-18, उच्च शैक्षणिक प्रोफ़ाइल 2017-18, और स्वच्छ कैंपस मैनुअल जारी किया।
- **शिवांगी ने माउंट किलिमंजारो पर चढ़ाई की**
    - शिवांगी पाठक ने अफ्रीका के सर्वोच्च पर्वत, माउंट किलिमंजारो पर 3 दिनों में चढ़ाई की।
    - तंजानिया के माउंट किलिमंजारो की ऊंचाई 5,895 मीटर है।
    - वह हरियाणा से हैं और माउंट एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला भी हैं।
- **राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम**
    - विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया था।
    - कार्यक्रम विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर वायरल हेपेटाइटिस से लड़ने और इसके साथ जुड़े मृत्यु दर और विकृति को कम करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
    - इसे सतत विकास लक्ष्य (SDG), 2030 के अनुसार शुरू किया गया है।
- **सदी का सबसे लबा चंद्र ग्रहण**
    - दुनिया भर में 21वी सदी का सबसे लंबा "ब्लड मून" ग्रहण देखा गया।
    - ग्रहण एक घंटे 43 मिनट तक चला, और यह यूरोप, पश्चिम एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्सों में दिखाई दे रहा था।

testbook.com



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

- जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आती है तो पूर्ण चंद्र ग्रहण होता है, और वह चंद्रमा को अपनी छाया से ढक लेती है।

- **विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2018**
  - हर वर्ष 28 जुलाई को, दुनिया भर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है।
  - विश्व हेपेटाइटिस दिवस लीवर की इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने और वैश्विक स्तर पर हेपेटाइटिस के बोझ को कम करने के लिए WHO की एक पहल है।
  - हेपेटाइटिस A, हेपेटाइटिस B, या हेपेटाइटिस C समेत वायरल हेपेटाइटिस, लीवर को प्रभावित करने वाली बीमारियों का एक समूह है।
- **भारतीयों को अब हवाई अड्डा ट्रांजिट वीजा आवश्यक नहीं**
  - फ्रांस ने घोषणा की है कि देश के माध्यम से गुज़रने पर भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब हवाई अड्डा ट्रांजिट वीजा की आवश्यकता नहीं होगी।
  - हवाई अड्डा ट्रांजिट वीजा उन लोगों के लिए लागू होता है जो केवल शेंगेन क्षेत्र से गुज़र रहे हैं और जो हवाई अड्डे के पारगमन क्षेत्र को नहीं छोड़ेंगे।
  - फ्रांस शेंगेन क्षेत्र का एक हिस्सा है, जिसमें 26 यूरोपीय देश शामिल हैं।
- **HCL टेक विप्रो से ऊपर**
  - HCL टेक्नोलॉजीज ने भारत का तीसरा सबसे बड़ा सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता बनने के लिए विप्रो को पीछे छोड़ दिया है।
  - HCL टेक्नोलॉजीज का उदय विप्रो द्वारा कई वर्षों से आशा से कम सफलता प्राप्त करने और अधिग्रहण में एक आक्रामक दृष्टिकोण के कारण हुआ है।
  - TCS और इंफोसिस जून 2018 की तिमाही में क्रमश: $5.05 बिलियन और $2.83 बिलियन के राजस्व वाली दो बड़ी भारतीय आईटी सेवा फर्म हैं।
- **बी.एन. श्रीकृष्ण समिति ने रिपोर्ट जमा की**
  - सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण की अध्यक्षता वाली एक समिति ने "डेटा प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क" पर अपनी रिपोर्ट जमा की।

testbook.com



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

    - समिति ने व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा प्रस्तावित किया है जो भारत के पहले डेटा गोपनीयता कानून का आधार बना सकता है।
    - प्रस्तावित बिल व्यक्तिगत सहमति को डेटा साझा करने का केंद्रबिंदु मानता है, उपयोगकर्ताओं को अधिकार देता है और "डेटा के ज़िम्मेदारों" पर दायित्व रखता है।
- **NRI विवाह में समस्याओं से निपटने के लिए कानून**
    - केंद्र NRI विवाह में समस्याओं से निपटने के लिए एक नया कानून तैयार करने की प्रक्रिया में है।
    - सरकार भारत में अपनी पत्नियों को त्याग कर अवैध रूप से विदेश में शादी करने वाले अनिवासी भारतीयों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान बनाने के लिए 'सम्मन एंड वारंट्स अगेन्स्ट इंडियन पीपल लिविंग अब्रॉड' कानून तैयार करेगी।
    - यह उन NRI के खिलाफ सम्मन/वारंट जारी करने की ऑनलाइन सेवा को सक्षम करेगा जिन्होंने अपनी पत्नियों को त्याग दिया है।
- **भारत आकस्मिक बाढ़ की चेतावनी देगा**
    - विश्व मौसम संगठन द्वारा आकस्मिक बाढ़ के पूर्वानुमान की तैयारी के लिए भारत को नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है।
    - भारत को एक अनुकूलित मॉडल विकसित करना होगा जो वियतनाम, श्रीलंका, म्यानमार और थाईलैंड में बाढ़ की अग्रिम चेतावनी जारी कर सके।
    - प्रस्तावित मॉडल संभावित बाढ़ की चेतावनी के लिए बारिश की संभावना और मिट्टी नमी के स्तर की गणना करके पूर्वानुमान प्रदान करेगा।
- **ICICI बैंक ने पहली बार हानि की सूचना दी**
    - संपत्तियों के अनुसार भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता ICICI बैंक को जून तिमाही में ₹120 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ है।
    - यह पहली बार है जब बैंक ने अपने भारत परिचालन से हानि की सूचना दी है।

testbook.com



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

  - तिमाही के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों में अपने निवेश पर बैंक ने 218 करोड़ रुपये का मार्क-टू-मार्केट घाटा दर्ज किया।

- **निवेश भारत और UAE मंत्रालय द्वारा MoU पर हस्ताक्षर**
  - भारत और संयुक्त अरब अमीरात के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मंत्री ने भारत के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं - नई दिल्ली में UAE आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रिज।
  - MoU ब्लॉकचेन, AI और एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा और डेटा एवं प्रसंस्करण नवाचार और व्यावसायिक विकास के लिए उत्प्रेरक होगा।
  - यह दोनों देशों के लिए अगले दशक के दौरान आर्थिक लाभ में अनुमानित $20 बिलियन उत्पन्न करेगा।

- **ITC भारत की चौथी सबसे मूल्यवान कंपनी**
  - बाजार मूल्यांकन के मामले में ITC हिंदुस्तान यूनिलीवर को पीछे छोड़ देश की चौथी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है।
  - स्टॉक में तेज बढ़त के कारण, कंपनी का बाजार मूल्यांकन ₹3,69,259.15 करोड़ हो गया।
  - इसके साथ, ITC सबसे मूल्यवान FMCG भी कंपनी बन गई।
  - TCS देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है जिसका मूल्य 7,43,930.44 करोड़ रुपये है, इसके बाद RIL और HDFC बैंक हैं।

testbook.com

**Attempt Daily Current Affairs Quiz**



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook